DAY — **10** SEAT NUMBER | | | | | | |

2025	II	24	1100	**J-325**	(H)

CHILD DEVELOPMENT (43)

Time : 3 Hrs. **(7 Pages)** **Max. Marks : 70**

सूचना : *(१) सभी कृतियाँ हल करना अनिवार्य है।*

(२) आवश्यकतानुसार स्वच्छ आकृतियाँ बनाइए तथा उन्हें नामनिर्देशित कीजिए।

(३) दायीं ओर प्रश्नों के पूर्ण अंक दर्शाए गए हैं।

(४) प्रत्येक नया प्रश्न नए पृष्ठ से शुरू कीजिए।

प्र. १. (अ) निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनकर वाक्यों को फिर से लिखिए : (६) **[१८]**

(१) व्यक्ति की जन्म से बंदिस्त रहीं गुण-विशेषताएँ बंधनमुक्त होती जाती हैं इस प्रक्रिया को ----- कहते हैं।

(अ) अध्ययन (ब) परिपक्वता

(क) शिक्षणयोग्य क्षण

(२) प्रेम तथा वात्सल्य (affection) यह बालकों की -------- आवश्यकता है।

(अ) मानसिक-सामाजिक (ब) शारीरिक

(क) तार्किक

(३) आयु के ------ वर्ष के बाद, बालक के दूध के (अस्थायी) दाँत गिरकर स्थायी दाँत आते हैं।

(अ) ४ (ब) ५

(क) ६

(४) पहला बालसंगोपन केंद्र वर्ष १८४० में ------ में स्थापित हुआ।

(अ) फ्रांस (ब) स्वीडन

(क) अमेरिका

(५) ------ बालकों में जन्मजात पाया जाने वाला एक दोष है।

(अ) लूला-लंगड़ा पैर (ब) स्नायु पतले होकर नष्ट होना

(क) फटे हुए ओंठ

(६) जिस कृति में क्रियाशील सहभाग नहीं होता उसे ------ खेल कहते हैं।

(अ) मुक्त (ब) अक्रियाशील

(क) क्रियाशील

(ब) निम्नलिखित समूह 'अ' तथा 'ब' के शब्द / शब्द समूहों की उचित जोड़ियाँ मिलाइए : (६)

समूह 'अ'		समूह 'ब'
(अ)	प्रश्न आयु	(१) मारना या मुक्का मारना, लात मारना, साँस रोकना
(ब)	स्नायु प्रधान	(२) लंगड़ा-लूला पैर
(क)	गुस्से का आवेश	(३) खेल द्वारा शिक्षण पद्धति का बाल शिक्षा में प्रयोग
(ड)	अस्थि अक्षमता	(४) पूर्व बाल्यावस्था
(इ)	रूसो	(५) वृद्धि पर नियंत्रण
(फ)	कंठस्थ ग्रंथि	(६) स्नायुयुक्त शरीर
		(७) मेदयुक्त शरीर (Fat body)

(क) सूचनानुसार निम्नलिखित प्रश्नों को हल कीजिए : (६)

(१) निम्न विधान पढ़कर वह विकास के कौन-से क्षेत्र से संबंधित है लिखिए।

नर्सरी कक्षा के बालक रेंगना, चलना, कूदना और चढ़ना जैसी प्राकृतिक कृतियाँ करते हैं।

(२) असंघटित शब्दों को दिए गए संकेतों के आधार पर सही कर अर्थपूर्ण शब्द लिखिए:

मस्तिष्क का बाहरी स्तर दो ----- से बना होता है। (लर्धअगो)

(३) निम्नलिखित चित्र में संधारण (conservation) का कौन-सा प्रकार दिखाई देता है?



(४) रिक्त चौखट पूर्ण कीजिए :

बालकों के लिए मनोरंजनात्मक कार्यक्रम

स्ने		सं		न

(५) बुद्ध्यांक को मापने का सूत्र लिखिए।

(६) निम्नलिखित वाक्य में खेल का कौन-सा प्रकार है? पहचानिए :

कार्डबोर्ड के रिक्त डिब्बे, कागज़ की प्लेट से बना लंबा ट्रक और उसके पहिए तैयार कर सकते हैं।

प्र. २. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों को हल कीजिए (कोई छः) : (१२) **[१६]**

(१) निम्नलिखित वाक्य 'सही' है या 'गलत', सकारण लिखिए।

वृद्धि अर्थात् संख्यात्मक परिवर्तन

(२) प्रभावी तथा अप्रभावी वंशाणु/जनुके अर्थात् क्या?

(३) स्थूल क्रियात्मक कुशलता अर्थात् क्या? उदाहरण दीजिए।

(४) भावना के प्रकार लिखकर प्रत्येक का एक उदाहरण लिखिए।

(५) नाटकीय खेल की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

(६) कठपुतली (बाहुली) नाटक अर्थात् क्या?

(७) असंघटित शब्दों को दिए गए संकेतों के आधार पर सही कर अर्थपूर्ण शब्द लिखिए :

(अ) संकेत : बालकों को विज्ञान सिखाया नहीं जाना चाहिए, उन्हें स्वयं सीखना चाहिए।

शब्द : जखोसे

(ब) संकेत : रूसो की प्रसिद्ध पुस्तक

शब्द : मि ए ल

(ब) नीचे दिए गए किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (४)

(१) संज्ञा स्पष्ट कीजिए- कुपोषण

(२) विकास की अवस्थाओं की सूची बनाइए।

(३) क्रियाशील तथा अक्रियाशील खेल में अंतर स्पष्ट कीजिए।

प्र. ३. (अ) निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (१२) **[१८]**

(१) निम्न सामाजिक आवश्यकताओं का शारीरिक और मानसिक आवश्यकताओं में वर्गीकरण कीजिए। स्वीकृति, भूख, निवास, प्रेम व वात्सल्य, वस्त्र, समवयस्क गुट, प्यास, नींद, आराम, स्वास्थ्य

(२) वाचन/पढ़ना अक्षमता की विशेषताएँ लिखिए।

(३) निम्नलिखित तत्त्वज्ञ का चित्र पहचान कर उनके शिक्षण विचार लिखिए।



(४) शर्मीलापन के कारण स्पष्ट कीजिए। (कोई ३)

(५) अनुशासन के तंत्र कौन-से हैं? किसी एक को स्पष्ट कीजिए।

(ब) निम्नलिखित विषयों पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए (कोई दो): (६)

(१) संवेदन

(२) अभिभावक-पाठशाला सहयोग का महत्त्व

(३) किंडर गार्टन पाठशाला के उद्‌देश्य

प्र. ४. सूचनानुसार निम्नलिखित प्रश्नों को हल कीजिए : **[१८]**

('अ' से एक, 'ब' से एक और 'क' से एक इस प्रकार कुल तीन प्रश्न हल कीजिए।)

(अ) बालकों के विकास के अंग (areas of development) स्पष्ट कीजिए। (६)

अथवा

पूर्वबाल्यावस्था के शारीरिक विकास के कोई तीन पहलू कौन-से हैं? स्पष्ट कीजिए।

(ब) सामाजिकरण के बर्ताव (व्यवहार) प्रकार स्पष्ट कीजिए (कोई तीन)। (६)

अथवा

खेल की परिभाषा /संज्ञा लिखकर खेल की आवश्यकता दर्शाने वाले निर्देशक स्पष्ट कीजिए।

(क) संक्रियापूर्व अवस्था के बालकों की कोई तीन विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए। (६)

अथवा

निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

बालक को स्वयं के घर में नए खिलौनों की तुलना में स्मार्टफोन, लैपटॉप, आईपैड सहज उपलब्ध होता है। तर्कसंगत निर्णय लेने की बालक की आयु नहीं होती है, इसलिए उन्हें इनका सहज व्यसन लग सकता है। सर्वसाधारणत: नौकरी करने वाले अभिभावक सुरक्षितता तथा संरक्षण के कारण से बालकों को स्मार्टफोन देते हैं। जो बालक स्मार्टफोन के व्यसन से ग्रस्त होते हैं उनके शारीरिक तथा मानसिक विकास में समस्याएँ दिखाई देती हैं।

मानसिक विकास संबंधी समस्याएँ अर्थात् मानसिक अस्थिरता, एकाग्रता का अभाव, निराशा, गुस्सा और नियंत्रण में कमतरता और शारीरिक समस्याएँ अर्थात् दृष्टि और श्रवण दोष, स्थूलपना (मोटापा), शरीर में समतोल न होना, मस्तिष्क विकास में कमतरता का समावेश होता है।

संपूर्ण जीवन में स्मार्टफोन का व्यसन कायम रहा तो बालक को व्यक्तिगत तथा सामाजिक नुकसान हो सकता है। इस व्यसन से बालक ग्रस्त ना हों इसलिए अभिभावक और समाज को प्रतिबंधक उपाय करना बहुत महत्त्वपूर्ण है।

(१) बालकों को स्मार्टफोन का व्यसन सहज ही लगने के कारण स्पष्ट कीजिए। (१)

(२) नौकरी करने वाले अभिभावक बालकों को कौन-कौन से कारण से स्मार्टफोन देते हैं? (१)

(३) स्मार्टफोन के व्यसन से निर्मित होनेवाली मानसिक समस्याएँ कौन-सी हैं? (२)

(४) स्मार्टफोन के व्यसन को कैसे दूर करेंगे? (२)

◆◆◆